GRADE - 10 | Worksheet - 1 | Marks-20

Date - 05.05.2025 | HINDI

I. निम्नलिखित वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और रचना के आधार पर उनका भेद लिखिए

1. प्रातः जल्दी उठो और एक घंटे नियमित रूप से व्यायाम करो।
2. मरीज दवाएँ लेने अस्पताल गया।
3. अध्यापक आए और कक्षा में शोर बंद हो गया।
4. परिश्रमी मजदूरों को सभी काम पर बुलाते हैं।
5. जो लोग धनवान होते हैं, उन्हें गरीबों की मदद करनी चाहिए।
6. जैसे ही मोहन आया श्याम ने आगे बढ़कर उसका स्वागत किया।
7. उसने अपना आपा खोया और कटुवचन बोलने लगा।
8. सवेरा होते ही पक्षियों के कलरव से आसमान गूंज उठा।
9. आँधी आई और धूल उड़ने लगी।
10. अपने अथक परिश्रम से उसने असंभव को भी संभव बना दिया।
11. मज़दूरी पाते ही मज़दूर घर चला गया।
12. वर्षा समाप्त हुई और इंद्रधनुष निकल आया।
13. धनवान होने पर भी हमें दयालु बने रहना चाहिए।
14. जैसे ही नाटक समाप्त हुआ, वैसे ही दर्शक घर जाने लगे।
15. बाढ़ आई और फ़सलें पानी में डूब गईं।

II. निम्नलिखित वाक्यों को मिश्र वाक्य में बदलिए –

1. मेरे घर पहुँचते ही आंधी आ गई।
2. पुस्तकें खरीदने के लिए वह बाज़ार गई।
3. दुकान पर सजी मिठाइयाँ देखकर बच्चे के मुँह में पानी आ गया।
4. निराला जी द्वारा रचित कविता सभी को पसंद आई।
5. गार्ड द्वारा हरी झंडी हिलाते ही गाड़ी चल पड़ी।
6. पानी का टैंकर आते ही लोगों में हलचल मच गई।
7. महात्मा जी का प्रभावपूर्ण प्रवचन सुनकर लोग नतमस्तक हो गए।
8. रोहित शर्मा की अच्छी बल्लेबाजी के कारण भारत मैच जीत गया।
9. मेरे स्टेशन पर पहुँचते ही बस चल पड़ी।
10. लाल कपड़ा देखते ही साँड़ भड़ककर गोपू के पीछे भागने लगा।

III. निम्नलिखित वाक्यों को संयुक्त वाक्य में बदलिए

1. शहर जाने पर श्यामू मलेरिया से पीड़ित हो गया। ।
2. मोबाइल फ़ोन झपटने का अपराधी होने से उसे सजा हुई।
3. परिश्रम से कमाए गए धन को सोच-समझकर खर्च करना चाहिए।
4. आज तुम घर पर रहकर जानवरों की देख-रेख का काम करो।
5. मुर्गे की कुकड़-कूँ सुनते ही महात्मा जी नदी की ओर चले गए।
6. प्रधानाचार्य की बातें सुनकर छात्र जोश से भर उठे।
7. बादल घिरने के बाद भी वर्षा नहीं हुई।
8. दौड़ प्रतियोगिता में फ़िसलकर गिर जाने के कारण वह प्रथम न आ सका।
9. बच्चों के शोर मचाने पर पक्षी उड़ गए।

IV. निम्नलिखित वाक्यों को सरल वाक्य में बदलिए

1. मैंने एक लाल गुलाब देखा जो बहुत खुशबूदार था।
2. कुत्ते भौंकने लगे तब चोर भाग गए।
3. यही वह छात्र है जिसने नाटक में अध्यापक की भूमिका निभाई।

4. यही वे महात्मा हैं जो अपनी ज्ञानभरी बातों से प्रभावित कर लेते हैं।
5. पुलिस ने आसू गैस छोड़ी और भीड़ तितर-बितर हो गई।
6. गली में शोर हुआ परंतु उसकी नींद न खुली।
7. लोगों ने जोकर की बातें सुनीं और हँस पड़े।
8. जब सुमन ने मुझे समझाया तो मैं मान गया।
9. बल्लेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया और भारत मैच जीत गया।
10. जब पीटी अध्यापक ने सीटी बजाई तब छात्र सावधान हो गए।